37 विभागों के माध्यम से होगा 10 .23 लाख करोड़ का निवेश

राब्यू, लखनऊ : ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 37 विभागों से संबंधित 10,23,537 करोड़ रुपये की 14,619 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें से 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने जीबीसी के लिए निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। जीबीसी 4.0 में बेसिक शिक्षा विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य का 888 प्रतिशत निवेश धरातल पर उतरेगा। वहीं धनराशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी। अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत विभाग से जुड़ी 1.42 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं धरातल पर उतरेंगी।

जिन 16 विभागों ने जीबीसी के लिए निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या इससे अधिक हासिल किया है, उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा खाद्य एवं रसद ने 226 प्रतिशत, वन ने 182 प्रतिशत, आयुष ने 173 प्रतिशत, पशुपालन ने 167 प्रतिशत, ऊर्जा ने 165 प्रतिशत, माध्यमिक शिक्षा ने 139 प्रतिशत, तकनीकी शिक्षा ने 133 प्रतिशत, उद्यान ने 120 प्रतिशत, अतिरिक्त ऊर्जा स्त्रोत ने 114 प्रतिशत, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग ने 112 प्रतिशत, चिकित्सा शिक्षा ने 110 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने 105 प्रतिशत, यीडा ने 103%, नागरिक उड्डयन ने 100 % और ग्रेटर नोएडा ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

यूपीसीडा के माध्यम से सर्वाधिक निवेश

यूपीसीडा ने निर्धारित लक्ष्य का 75 प्रतिशत हासिल किया है। उसे दो लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओ को जमीन पर उतारने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष उसने 1,50,748 करोड़ की 3300 परियोजनाओं को जीबीसी के लिए तैयार कर लिया है। अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत ने 1,41,987 करोड़ रुपये की 189 परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की तैयारी की है। आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग 91583 करोड़ रुपये की 64 परियोजनाओं, आवास विभाग 59,382 करोड़ रुपये की 769 परियोजनाओं, नोएडा 75,309 करोड़ रुपये की 302 परियोजनाओं, एमएसएमई विभाग 49,776 करोड़ की 3178 परियोजनाओं, ग्रेटर नोएडा 60,019 करोड़ की 169 परियोजनाओं, उद्यान विभाग 62,7730 करोड़ रुपये की 1082 परियोजनाओं और ऊर्जा विभाग 61,942 करोड़ की नौ परियोजनाओं को जमीन पर उतारेगा।